राज्य राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण के गठन को मंजूरी

अमर उजाला ब्यूरो

मुख्यमंत्री ने प्रस्ताव को कैबिनेट बाई सर्कुलेशन दी स्वीकृति, जल्द जारी होगी आधिसूचना

लखनऊ। राजधानी समेत आसपास के छह शहरों को मिलाकर राज्य राजधानी क्षेत्र (एससीआर) बनाने की कवायद तेज कर दी गई है। इसके लिए राज्य राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण के गठन के प्रस्ताव को मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कैबिनेट बाई सर्कुलेशन मंजूरी दे दी। जल्द अधिसूचना जारी होगी। इसके बाद प्राधिकरण में किसी वरिष्ठ आईएएस अधिकारी की तैनाती की जाएगी।

प्रदेश सरकार ने लखनऊ, उन्नाव, हरदोई, सीतापुर, रायबरेली, बाराबंकी को मिलाकर एससीआर का गठन करने का फैसला किया है। इसके लिए पिछले दिनों अध्यादेश जारी किया गया था, जिसमें उत्तर प्रदेश राज्य राजधानी क्षेत्र और अन्य क्षेत्र विकास प्राधिकरण के गठन की व्यवस्था दी गई थी। इसी के तहत सरकार ने उप्र राज्य राजधानी क्षेत्र व इसके लिए प्राधिकरण का गठन किया है। विकास प्राधिकरण गठन किए जाने में राज्य सरकार पर किसी भी प्रकार का व्यय भार प्रस्तावित नहीं किया गया है। अधिसूचना जारी होने की तिथि से प्राधिकरण गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। एससीआर के गठन के बाद सभी छह शहरों का सुनियोजित विकास होगा। नागरिक और अवस्थापना सुविधाओं में भी तेजी आएगी।